जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मऊ में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की पूर्णता की तिथि में संशोधन किये जाने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मऊ की बैठक दिनांक 14.11.2025 का

# कार्यवृत्त।

दिनांक 14.11.2025 को श्री प्रवीण मिश्र, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे–

| | | |
|---|---|---|
| 1– जिलाधिकारी, मऊ | – | अध्यक्ष |
| 2– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग,मऊ | – | सदस्य |
| 3– मुख्य विकास अधिकारी , मऊ | – | सदस्य |
| 4– मुख्य चिकित्साधिकारी, मऊ | – | सदस्य |
| 5– जिला विकास अधिकारी, मऊ | – | सदस्य |
| 6– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, मऊ | – | सदस्य |
| 7– अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, मऊ | – | सदस्य |
| 8– परियोजना निदेशक, डीआरडीए, मऊ | – | सदस्य |
| 9– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ | – | सदस्य |
| 10– जिला कृषि अधिकारी, मऊ | – | सदस्य |
| 11– जिला सूचनाधिकारी, मऊ | – | सदस्य |
| 12– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ | – | सदस्य सचिव |

1– भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 14.11.2025 को की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद– मऊ में 29 निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं के पूर्णता की तिथि समाप्त हो चुकी है। पूर्णता की तिथि समाप्त हो जाने के कारण पेयजल परियोजनाओं में भौतिक/वित्तीय प्रगति नहीं हो पा रही है। जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0 W-11011/30/2021-JJM-I-DDWS, दिनांक 16.10.2025 तथा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्रांक 2587/JJM Letter/2025-26/Tech.-20, दिनांक 12.11.2025 (पत्रावली पर संलग्न है) के अनुसार जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में जनपद मऊ में कुल 29 पेयजल परियोजनाएं है, जिनके पूर्णता की तिथि समाप्त हो चुकी है। उल्लेखनीय है के पूर्णता की तिथि समाप्त होने के कारण भौतिक/वित्तीय प्रगति सम्भव नहीं हो रहा है, जिससे भुगतान भी सम्भव नहीं हो पायेगा। फलस्वरूप 29 पेयजल परियोजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 31.12.2025 तक संशोधित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2– जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 532 में से 410 निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की पूर्णता में संशोधन आवश्यक है। 410 निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि में संशोधन करना है, दिनांक 31.03.2027 तक संशोधित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

Scanned with OKEN Scanner

3- 11 पेयजल परियोजनाओं की सूची संलग्न है, इन परियोजनाओं की स्कीम आई0डी0 त्रुटिपूर्ण ढंग से डबल प्रदर्शित हो रही है, इन सभी डुप्लीकेट परियोजनाओं को जनपद मऊ में पोर्टल से डीलिट किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

उक्तानुसार 29 पेयजल परियोजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 31.12.2025 तक संशोधित किये जाने की तिथि तथा 11 पेयजल परियोजनाओं की स्कीम आई0डी0 त्रुटिपूर्ण ढंग से डबल प्रदर्शित हो रही है, इन सभी डुप्लीकेट परियोजनाओं को जनपद मऊ में पोर्टल से डीलिट किये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ को प्रेषित किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई।

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता, जल निगम,(ग्रामीण) मऊ/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,मऊ

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
मऊ/सदस्य

जिला कृषि अधिकारी,
मऊ/सदस्य

जिला सूचनाधिकारी,
मऊ/सदस्य

अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड, मऊ/सदस्य

अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड,
मऊ/सदस्य

परियोजना निदेशक,
डीआरडीए, मऊ/सदस्य

उ0नि0उ0
मऊ/सदस्य

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,मऊ/सदस्य

जिला विकास अधिकारी,
मऊ/सदस्य

(प्रशान्त नागर)
मुख्य विकास अधिकारी,
मऊ/सदस्य

(प्रवीण मिश्र)
जिलाधिकारी, मऊ/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,मऊ

Scanned with OKEN Scanner